Ans. (d) – भरत, सूफ, हुरम जी, आरी आदि कढ़ाई एवं पेचवर्क से संबंधित है। राजस्थान में पाये जाने वाले सबसे विशेष रूप से अलंकृत कपड़े पर अलंकरण की कला है जिसमें कांचली, घाघरा, अंगरखा, अचकन और जामा पर कढ़ाई के तत्व प्रदर्शित मिलते हैं। इसका उपयोग घरेलू सामानों को सुशोभित करने के लिए किया जाता है।

210. राजस्थानी चित्रकला का सबसे पहला वैज्ञानिक वर्गीकरण किसने प्रस्तुत किया?

(a) डॉ. फैयाज अली (b) डब्ल्यू.जी. आर्चर
(c) आनंद कुमार स्वामी (d) एरिक डिकिंसन

Basic Computer Anudeshak-18.06.2022
VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (c) – आनंद कुमार स्वामी ने राजस्थानी चित्रकला का सबसे पहले वैज्ञानिक वर्गीकरण प्रस्तुत किया था। इन्होंने यह वर्गीकरण अपनी पुस्तक "राजपूत पेंटिंग्स" में किया है। इन्होंने राजपूत पेंटिग्स नामक पुस्तक 1916 ई. में लिखी।

211. 'राजपूत पेंटिंग' शीर्षक से 1916 ई. में किसने पुस्तक लिखी?

(a) आनन्द कुमारस्वामी (b) जयसिंह नीरज
(c) वाचस्पति गैरोला (d) रायकृष्णदास

RPSC कनिष्ठ अभियंता -20.05.202 Shift-II
VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-II

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

212.राजस्थान का कौन सा शहर बेल-बूटों की छपाई की पारंपरिक कला के लिए जाना जाता है?

(a) जयपुर (b) बागरू
(c) सांगानेर (d) बाड़मेर

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2003

व्याख्या – राजस्थान के सांगानेर, पाली, पिपांड एवं कोटा आदि नगर बेल बूटों की पारम्परिक छपाई कला के लिए प्रसिद्ध है। इनमें से सांगानेर प्रिटिंग प्रेस सर्वाधिक प्रसिद्ध है। सांगानेर तथा बाड़मेर में निर्मित किए गए हाथ की छपाई वाले कपड़ों का लगभग 50 प्रतिशत भाग विदेशों को निर्यात कर दिया जाता है।

213. 'मोती भारत' किस जिले में पारंपरिक कढ़ाई का नाम है?

(a) पाली (b) सीकर
(c) बूंदी (d) जालौर

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (d) : 'मोती भारत' जालौर जिले में पारम्परिक कढ़ाई का नाम है। मोती भारत कढ़ाई के काम में जैन धर्म की विचारधारा परिलक्षित होती है।

214. निम्नलिखित को मिलाएं-

संस्थान		स्थापना वर्ष
(i) राजस्थान कला विद्यालय	–	1963
(ii) राजस्थान ललित कला अकादमी	–	1957
(iii) जवाहर कला केंद्र	–	1993
(iv) रवींद्र मंच	–	1888

कूट-

	(A)	(B)	(C)	(D)
(a)	iv	ii	iii	i
(b)	iv	iii	ii	i
(c)	iv	iii	i	ii
(d)	iii	iv	i	ii

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (a) : व्याख्या-

संस्थान		स्थापना वर्ष
राजस्थान कला विद्यालय		1888
राजस्थान ललित अकादमी		1957
जवाहर कला केन्द्र		1993
रवींद्र मंच		1963

215. 'चारकोल चित्रांकन कला प्रदर्शनी' का आयोजन किस संस्थान द्वारा किया गया?

(a) पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर
(b) राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर
(c) राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स, जयपुर
(d) राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (a) : 'चारकोल चित्रांकन कला प्रदर्शनी' का आयोजन पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर द्वारा किया गया। इसका उद्घाटन 14 जून, 2022 को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में किया। इसमें चारकोल से उकेरी गई माउंट आबू की नक्की झील, गुरु शिखर के नैसर्गिक सौन्दर्य, किले, महलों के साथ-साथ पोट्रेट्स, झरोखे आदि चित्रों का प्रदर्शन किया गया।

216. सुमेलित कीजिए-

हस्तशिल्प			स्थान
(i) अजरक प्रिंट	-	**(a)**	**नाथद्वारा**
(ii) जाजम प्रिन्ट	-	**(b)**	**चित्तौड़गढ़**
(iii) पिछवाइ	-	**(c)**	**अकोला**
(iv) दाबू प्रिन्ट	-	**(d)**	**बाड़मेर**

कूट-

	(a)	(b)	(c)	(d)
(a)	iv	ii	i	iii
(b)	ii	iv	i	iii
(c)	i	ii	iii	iv
(d)	iii	i	iv	ii

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22

Ans. (a) : राजस्थान के प्रमुख हस्तशिल्प और उनसे संबंधित स्थान का सुमेल निम्नलिखित हैं-

	हस्त शिल्प		स्थान
(i)	अजरक प्रिन्ट	- (iv)	बाड़मेर
(ii)	जाजम प्रिन्ट	- (ii)	चित्तौड़गढ़
(iii)	पिछवाई	- (i)	नाथद्वारा
(iv)	दाबू प्रिन्ट	- (iii)	अकोला

217. निम्नलिखित में से कौन राजपूताना चित्रकला के स्कूलों और उनकी शैलियों के अनुसार सही सुमेलित नहीं है?

(a) मेवाड़ स्कूल-नाथद्वारा और देवगढ़ शैलियाँ
(b) मारवाड़ स्कूल-किशनगढ़ और नागौर शैलियाँ
(c) हाड़ौती स्कूल-कोटा और बूंदी शैलियाँ
(d) ढूँढार स्कूल-चावंड और उदयपुर शैलियाँ

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22